प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती–शिमला में हुआ राज्य स्तरीय समारोह।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने दिल्ली दौरे के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से प्रदेशहित से जुड़े मुददों पर करेंगे चर्चा।
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में प्रदेश में पुरानी सड़कों की मैटलिंग के कार्य को दी मंजूरी।
- प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस का पर्व–गिरिजाघरों में हुआ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

वाजपेयी जंयती

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर आज देश व प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित कर देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद किया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता

———————

*डिस्पैच– राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुए राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हिमाचल के साथ वाजपेयी जी का गहरा नाता था और मनाली के निकट प्रीणी गांव में उनका अपना घर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।*

*इस बीच भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा ने आज ज़िला मुख्यालयों पर अटल जी की जीवनी को दर्शाती प्रदर्शनियों का आयोजन किया। शिमला के रिज मैदान पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। उन्होंने वाजपेयी जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि वाजपेयी जी ने देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दिया और उनकी नीतियों से देश दुनिया में भारत को एक नई पहचान मिली।*

*इस मौके पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है और उन्होंने अटल टनल रोहतांग से लेकर विशेष औद्योगिक पैकेज सहित हिमाचल को कई सौगातें दी। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आज प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है।*

*प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।*
*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दोपहर शिमला से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस दौरान वे कर्नाटक में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में भी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनका नई दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने का कार्यक्रम है और वे इस दौरान प्रदेशहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे केंद्र सरकार से जीएसटी से जुड़े मुद्दे भी उठाएंगे और आगामी बजट सत्र को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत केंद्र सरकार ने नई सड़कों के साथ पुरानी खराब सड़कों की मैटलिंग करने के प्रदेश के आग्रह को स्वीकार कर लिया है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर इस बारे में विशेष आग्रह किया था। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश में एक हजार से एक हजार 5 सौ किलोमीटर सड़कों के मैटलिंग कार्य में मदद मिलेगी और योजना के तहत विभिन्न प्रावधानों के माध्यम से प्रदेश को सहायता प्राप्त होगी।

आभार

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पुरानी सड़कों की मैटलिंग के कार्य को स्वीकृति देने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की इस उदारता का लाभ प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों को विशेष रूप से होगा। इन दोनों नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने हमेशा हिमाचल के हितों का ध्यान रखा है।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज सोलन ज़िले के दून विधानसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े 12 करोड़ रुपये की लागत से बनी विभिन्न सिंचाई व जलापूर्ति योजनाओं का लोकार्पण किया। थाना पंचायत में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिंचाई व पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और अधिकारियों को पेयजल समस्या के त्वरित निपटारे के निर्देश दिए गए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने दाड़लाघाट–कुनिहार–चंडी, गोयला से होकर चंडीगढ़ मार्ग का पुनः मुल्यांकन करने के बाद बस सेवा शुरू करने का भरोसा दिलाया।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िले में 6 करोड़ 70 लाख रुपये से बने सब जेल भवन रिकांगपिओ का लोकार्पण किया। जगत सिंह नेगी ने भावानगर में लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को जनशिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

क्रिसमस

क्रिसमस का त्योहार आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया। आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था। इस अवसर पर गिरिजा घरों को विशेष रूप से सजाया गया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी——

*डिस्पैच—— क्रिसमस को लेकर प्रदेश भर में खासी रौनक रही और गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी और उपहार बांटे। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर क्राइस्ट चर्च को विशेष रूप से सजाया गया और प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।*

*चर्च की पादरी विनीता रॉय ने बताया कि इस मौके पर प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाओं को याद किया गया और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।*

*इस मौके पर नाटी का आयोजन भी किया गया जिसमें लोगों ने पहाड़ी वेशभूषा में हिस्सा लिया।*

*शिमला में 9 वर्ष बाद क्रिसमस से पहले बर्फबारी हुई है और बड़ी संख्या में लोग बर्फ का दीदार करने व क्रिसमस मनाने शिमला पहुंचे हैं।*

*प्रादेशिक समाचारों के लिये समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश।*

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िले में ज्वाली क्षेत्र के चलवाड़ा में सौर ऊर्जा संचालित वॉटर पम्पिंग यूनिट का निरीक्षण किया और बताया कि ज्वाली व फतेहपुर में सौर सिंचाई योजना के तहत पहला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। कृषि मंत्री ने बताया कि इस तरह के 28 संयंत्र लगाए जाएंगे जिनसे किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने में मदद मिलेगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले दो दिन मौसम खराब रहने के बाद आज धूप खिली जिससे दिन के समय लोगों को ठण्ड से कुछ राहत मिली है। हालांकि जनजातीय व ऊपरी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। पिछले दिनों हुए हिमपात के बाद राज्य में अभी भी लगभग दो सौ सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं जिन्हें बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने भारी मशीनरी लगाई है। मौसम विभाग ने 27 से 29 दिसम्बर तक प्रदेश में एक बार फिर वर्षा व हिमपात की संभावना जताई है।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर'

- प्रदेशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती—शिमला में हुआ राज्य स्तरीय समारोह।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने दिल्ली दौरे के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से प्रदेशहित से जुड़े मुददों पर करेंगे चर्चा।
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में प्रदेश में पुरानी सड़कों की मैटलिंग के कार्य को दी मंजूरी।

और

- प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस का पर्व–गिरिजाघरों में हुआ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन।

————————————————